Date	Edition	Publication	Page no.
27th August 2014	Rajasthan	Sandhya Border Times	05

आम चुनावों के तुलनात्मक विश्लेषण पर पुस्तक जारी

नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी पुस्तक 'भारत के आम चुनावों के परिणामों का एक तुलनात्मक विश्लेषण-2014' का विमोचन गत दिनों यहां संविधान क्लब में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. एसवाई कुरैशी ने किया। इसमें वर्ष 2009 एवं 2014 के आम चुनाव से संबंधित अंतर्दृष्टि और तुलनात्मक विश्लेषण पेश किया गया है। इसमें प्रसिद्ध चुनाव विश्लेष एवं एनडीटीवी लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रणव रॉय तथा डाटानेट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ. आरके ठुकराल ने प्रस्तावना दी है।

समय से पहले अग्रमि कर का करें भुगतानः रिजर्व बैंक

मुंबई। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने करदाताओं से समय से पहले अपने अग्रमि कर का भुगतान करने की अपील की है। ताकि अंतिम समय में होने वाली परेशानी और भीड़ से बचा जा सके। रिजर्व बैंक ने यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के जरिए दी है।